कार्यालय , प्राचार्य शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर

पटवारी प्रशिक्षण के पास, सीपत रोड बिलासपुर(छत्तीसगढ़) 495006, महाविद्यालय कोड 2804

e-mail id: gmsngc1989@gmail.com, www.gmsngcbsp.co.in

क्रमॉक / 50 / स्था. / 2023 बिलासपुर दिनॉक 13/07/2023

–:: अतिथि व्याख्याता हेतु विज्ञापन ::–

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर का पत्र क्रं. एफ 3–54 / 2020 / 38–1 नवा रायपुर दिनॉक 07 / 07 / 2023 एवं आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग संचालनालय द्वितीय एवं तृतीय तल इन्द्रावती भवन रायपुर का पत्र क्रमांक 504 / 126 / आउशि / 2023 दिनांक 10 / 07 / 2023 के परिपालन में शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु महाविद्यालय में अध्यापन व्यवस्था के लिए सहायक प्राध्यापको के रिक्त पद के विरूद्व नीचे लिखे विवरण अनुसार अतिथि व्याख्याता हेतु दिनांक 24 / 07 / 2023 समय 4.00 बजे तक आवेदन आमत्रित किए जाते है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / कोरियर / स्वयं द्वारा जमा कर सकते है। ईमेल से कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा।

क्रं.	विषय	रिक्त पदों की संख्या	प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक
1	समाजशास्त्र	01	सहायक प्राध्यापक
2	जन्तुविज्ञान	01	सहायक प्राध्यापक
3	वनस्पतिविज्ञान	01	सहायक प्राध्यापक
4	भौतिक विज्ञान	01	सहायक प्राध्यापक
5	रसायन विज्ञान	01	सहायक प्राध्यापक
6	गणित	01	सहायक प्राध्यापक

शर्ते :–

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली व उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन रायपुर द्वारा निर्धारित योग्यताएं मान्य होगी एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार मेरिट सूची के आधार पर चयन किया जावेगा।
2. प्रति व्याख्यान रूपये 300 / – (तीन सौ रूपये) जो प्रतिदिन अधिकतम 1200 / – तथा प्रतिमाह 31200 / – (इकत्तीस हजार दौ सौ मात्र) की सीलिंग के अधीन होगी।
3. अतिथि व्याख्याताओं की सेवाएं भविष्य मे नियमितिकरण का आधार नही बनेगा और न ही वे अधिमानिक बर्ताव (Perferential Treatment) के हकदार होंगे।
4. अतिथि व्याख्याता किसी हैसियत से महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नही माने जायेंगे एवं वे लोक सेवा के विहित परिभाषा के अंतर्गत "लोक सेवक" नही माने जायेंगे।
5. चयनित उम्मीदवार के विरूद्व पुलिस या न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा वह किसी अन्य शासकीय / अर्द्वशासकीय / अशासकीय सेवा में न हो इस बाबत शपथ पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा। अतिथि व्याख्याता एक साथ दो महाविद्यालयों में अध्यापन कार्य नही कर सकेगा।
6. नियमित नियुक्ति / प्रतिनियुक्ति / स्थानांतरण तथा शासन की अन्य व्यवस्था के तहत प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक की पदस्थापना होने पर अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
7. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, जाति / निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलंग्न करना अनिवार्य है।

(प्राचार्य)

PRINCIPAL
Govt Mata Shabari
Naveen Girls P.G. College
Bilaspur (C.G.)

पृ.क्रमाँक / 51 / स्था. / 2023 बिलासपुर दिनाँक – 13/07/2023

प्रतिलिपि –

1. **आयुक्त**, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
2. **प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय,** शासकीय ई. राघवेन्द्र राव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)
3. शासकीय महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा हेतु, ई–मेल द्वारा सूचनार्थ प्रेषित है।

(डॉ.आर.के.वर्मा)

प्राचार्य

शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Mata Shabari Naveen Girls P.G. College
Bilaspur (C.G.)